# संगीतमय श्रीराम कथा के दूसरे दिन शिव-पार्वती विवाह के प्रसंग में आनंदित हुए श्रोता

- शिव बारात में जमकर नाचे श्रद्धालु
- भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव आज

**विशेष संवाददाता**





**जमशेदपुर।** सिद्गोड़ा सूर्य मंदिर कमिटी द्वारा श्रीराम मंदिर स्थापना के तृतीय वर्षगांठ के अवसर पर सात दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के द्वितीय दिन कथा प्रारंभ से पहले वैदिक मंत्रोच्चार के बीच व्यास पीठ एवं व्यास का विधिवत पूजन किया गया।

पूजन पश्चात श्री अयोध्याधाम से पधारे मर्मज्ञ कथा वाचिका पूज्य पंडित गौरांगी गौरी जी का स्वागत किया गया। स्वागत के पश्चात कथा व्यास साध्वी ड विश्वेश्वरी देवी जी ने श्रीराम कथा के द्वितीय दिन शिव-पार्वती विवाह प्रसंग का सुंदर वर्णन किया। व्यास बहन पंडित गौरांगी गौरी जी ने शिव-पार्वती विवाह प्रसंग सुनाते हुए कहा कि भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह दिव्य है। माता पार्वती की कठिन तपस्या का परिणाम है कि भगवान शिव ने अपनी शक्ति के रूप में चयन किया।

शिव पार्वती के विवाह की कथा का श्रवण कराते हुए कहा कि नंदी पर सवार भोलेनाथ जब भूत-पिशाचों के साथ बरात लेकर हिमाचल पहुंचे तो माता पार्वती के माता -पिता बारात में सम्मिलित भूत, प्रेत औघड़ को देखकर अचंभित रह गए, लेकिन माता पार्वती ने खुशी से भोलेनाथ को पति के रूप में स्वीकार किया।

कथा मर्मज्ञ पंडित गौरांगी गौरी ने बताया कि माता पार्वती के विवाह में उनकी तरफ से उच्च कुलों के राजा-महाराजा शामिल हुए, लेकिन शिव जी की ओर से कोई रिश्तेदार नहीं पहुंचा था। श्री राम कथा में उपस्थित श्रद्धालुओं के समक्ष भगवान शिव और पार्वती विवाह का रोचक प्रसंग का व्याख्यान करते हुए पूज्य गौरी जी ने कहा कि शिव दुनिया के सबसे तेजस्वी थे।

वे पार्वती को अपने जीवन का हिस्सा बनाने वाले थे। भगवान शिव एवं पार्वती की शादी में सभी देवी देवता और असुर भी वहां पहुंचे। जानवर, कीड़े-मकोड़े और सारे जीव उनके विवाह में उपस्थित हुए।

यहां तक कि भूत-पिशाच, प्रेत भी उनके विवाह में बाराती बनकर पहुंचे। इस दौरान भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह की झांकी सजाई गई। विवाह प्रसंग सुन श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। इस दौरान शिव-पार्वती विवाह की झांकी पर श्रद्धालुओं ने पुष्प बरसाए। कथा में आगे वर्णन करते हुए पूज्य गौरंगी गौरी जी ने कहा कि धर्म में भगवान शिव को देवों का देव महादेव माना जाता है।

जब सृष्टि की संरचना हुई तो देवों के देव महादेव उसके पहले से उपस्थित थे। भारतीय संस्कृति में शिव के अर्धनारीश्वर रूप का भी उल्लेख है। जब शिव की पूजा की जाती है तो जीवन में सुख अनुभूति होती है। सारे क्लेश मिट जाते हैं।


लोगों का आपसी द्वंद्व लड़ाई समाप्त हो जाता है और इसीलिए विवाह रूपी बंधन के सबसे उत्तम उदाहरण शिव और पार्वती है। कल राम कथा के तृतीय दिवस में श्रद्धा और उत्साह के साथ भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। कथा दोपहर 3:30 बजे से प्रारंभ होती है।

## कथा में उपस्थित विशिष्ट जन

कथा के दौरान सूर्य मंदिर समिति के मुख्य संरक्षक सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह, पूर्व विधायक मेनका सरदार, देवेंद्र सिंह, अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह,, कमलकिशोर अग्रवाल, शशि शेखर, अजय गुप्ता, गणेश मंडल, शशि शेखर, मनीष सिंह, महेंद्र यादव, ओम पांडेय, लक्ष्मण पांडेय, अर्चना सिंह, अमरजीत सिंह राजा, संतोष यादव, शशिकांत सिंह, महामंत्री अखिलेश चौधरी, रूबी झा, ष्ण मोहन सिंह, बंटी अग्रवाल, कंचन दत्ता, अधेन्दू बनर्जी, लक्ष्मीकांत सिंह, प्रेम झा, प्रमोद मिश्रा एवं तृतीय वर्षगांठ आयोजन समिति के संयोजक गुंजन यादव, दिनेश कुमार, राकेश सिंह, कुलवंत सिंह बंटी, कमलेश साहू, महेंद्र यादव, संजीव सिंह, कल्याणी शरण, संतोष ठाकुर, दीपक झा, कुमार अभिषेक, सतवीर सिंह सोमू, रकी सिंह, चंचल भाटिया समेत अन्य उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### कीर्तन सुनने जा रहे लोगों की ऑटो को ट्रक ने मारी टक्कर



चांडिल। गुरुवार को ईंचागढ थाना क्षेत्र के सिल्ली-रांगामाटी मार्ग पर चुनचुड़िया गांव के पेट्रोल पंप के पास पिछे से अटो टेंपो को ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे अटो में सवार करीब 8 लोग घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार घायलों में 6 से 7 लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के बाद सभी घायलों को मिलन चौक स्थित नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है। घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने सात लोगों को मुरी सिंहपुर नर्सिंग होम रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार मुरी से दो लोगों को रांची रिम्स रेफर किया गया है। मुरी में इलाज के दौरान एक आठ वर्षीय बच्ची पुनम कुमारी की मौत हो गई। सभी लोग पातकुम नवकुंज कीर्तन सुनने जा रहे थे। अटो में सवार सभी घायल इचागढ़ के डुमरा गांव के बताया जा रहा है। ईंचागढ पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर जब्त कर लिया है।

### अलकायदा से जुड़े अकरम शेख को आर्म्स एक्ट में 8 साल की सजा

**जमशेदपुर।** आतंकवादी संगठन अल कायदा से जुड़े अहमद मसूद अकरम शेख उर्फ मोनू को गुरुवार के दिन जमशेदपुर की जिला कोर्ट ने आर्म्स एक्ट के तहत 8 साल की सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इस मामले में एक अन्य आरोपी नसीम अख्तर उर्फ राजू जाकिर नगर निवासी को अदालत में गत सोमवार को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया था। अदालत ने मोनू पर अलग से 10000 रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। इस मामले की सुनवाई जमशेदपुर कोर्ट के एडीजे-1 संजय कुमार उपाध्याय की अदालत कर रही थी। मामले में कुल 18 लोगों की गवाही हुई है। इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार ने कोर्ट को बताया था कि उन्हें दिल्ली पुलिस के स्पेशल टीम ने सूचित किया था कि धातकीडीह रजा कलोनी का रहने वाला आमद मसूद अकरम से अलकायदा से जुड़ा हुआ है और वह जमशेदपुर के नौ युवकों को अलकायदा के नेटवर्क से जोड़ रहा है। गत 22 फरवरी 2016 को उसे थाने में बुलाकर पूछताछ किया गया जिसमें उसकी संलिप्तता पाई गई।

### जवाहरनगर का छात्र डिमना लेक में डूबा, मौत

**जमशेदपुर।** मानगो जवाहर नगर रोड नंबर 13 का रहने वाला मुमताज अंसारी के 15 वर्षीय किशोर पुत्र मोहम्मद समीर की डिमना लेक नहाने के दौरान डूबने से मौत हो गई। घटना आज दोपहर 12:00 बजे की है। मृतक किशोर महात्मा गांधी स्कूल का छात्र था। बताया जाता है कि वह अपने दोस्तों के साथ नहाने के लिए डिमना लेक आलेख में गया था उसी दौरान अचानक व गहरे पानी में चला गया। स्थानीय लोगों ने उसे डूबते हुए देखा और उसे बचाने का प्रयास किया लेकिन जब तक उसे निकाला जाता उसकी मौत हो गई थी । उसे एमजीएम अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### बीके स्टील के मृत ठेकाकर्मी के परिवार को मिला मुआवजा

**गम्हरिया।** आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र के लार्ज सेक्टर में अवस्थित बीके स्टील कंपनी की ओर से बीमारी से मृत ठेका कर्मी स्व. मंगल थापा के परिजनों को सहायता राशि के रूप में 5 लाख रुपये प्रदान किया। विगत 4 एवं 5 नवंबर की रात इलाज के क्रम में थापा की मौत हो गयी थी। बुधवार को कंपनी के निदेशक विजय बंसल की उपस्थिति में मृतक की पत्नी प्रेम माया को 5 लाख की राशि का ड्राफ्ट प्रदान किया गया।

# सीआइआइ जमशेदपुर के अध्यक्ष चुने गये उमेश कुमार सिंह, दिलू भाई उपाध्यक्ष

- टाटा स्टील की सहयोगी कंपनी टीआरएफ लिमिटेड के एमडी हैं उमेश कुमार सिंह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील की सहयोगी कंपनी टीआरएफ लिमिटेड के एमडी उमेश कुमार सिंह को वर्ष 2023-24 के लिए सीआईआई जमशेदपुर जोनल काउंसिल के अध्यक्ष के रूप में चुना गया है। उनके नाम की घोषणा बुधवार को जमशेदपुर में आयोजित सीआईआई जमशेदपुर जोनल एनुअल डे में की गई। दिलू भाई पारिख उपाध्यक्ष चुने गए हैं।

### उमेश कुमार सिंह का परिचय



नये अध्यक्ष उमेश सिंह।

उमेश कुमार सिंह (52) ने 1993 में ग्रेजुएट ट्रेनी के रूप में टाटा स्टील ज्वाइन किया, बी.ई. (मैकेनिकल) बीआईटी मेसरा से। उन्होंने एक्सआईएम, भुवनेश्वर से प्रबंधन अध्ययन में डिप्लोमा भी किया है। सिंह के पास खरीद प्रबंधन, परियोजना प्रबंधन, इस्पात उद्योग में आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन, टीक्यूएम, बाधा के सिद्धांत, टीबीईएम और संचालन के क्षेत्रों में 21 से अधिक वर्षों का अनुभव है। उन्हें 2011 में चीफ प्रोजेक्ट प्रोक्योरमेंट, कलिंगनगर प्रोजेक्ट्स, टाटा स्टील के रूप में नियुक्त किया गया था, जहां उनकी जिम्मेदारियों में ग्रीनफील्ड स्टील प्लांट, लॉजिस्टिक्स संचालन, सामग्री प्रबंधन, आयात-निर्यात शिपमेंट के साथ-साथ गुणवत्ता मानक प्रक्रियाओं की स्थापना और रखरखाव के लिए परियोजना खरीद का निष्पादन शामिल था। 2016 में, सिंह को चीफ ऑपरेशंस एंड न्यू इनिशिएटिव्स, आइबीएमडी के रूप में नियुक्त किया गया था और वे टाटा स्टील प्लांट में उत्पन्न सभी ठोस कचरे की वसूली, पुनः उपयोग और पुनर्चक्रण के लिए जिम्मेदार थे। फरवरी 2020 में उन्हें टाटा पिगमेंट्स लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया और उसके बाद जून 2020 में उन्हें टाटा पिगमेंट्स लिमिटेड के एमडी के रूप में नियुक्त किया गया। 1 अक्टूबर, 2022 से वह टीआरएफ लिमिटेड के प्रबंध निदेशक के रूप में कार्यरत हैं। सिंह ने उन क्षेत्रों में महत्वपूर्ण बदलाव लाए हैं जिन्हें उन्होंने संभाला है।

### दिलू पारिख का परिचय



दिलू पारिख जमशेदपुर के रहने वाले हैं। जमशेदपुर में जन्मे और पले-बढ़े और मर्सिडीज-बेंज यात्री कारों और टाटा मोटर्स वाणिज्यिक वाहनों के ऑटोमोबाइल डीलरशिप के पारिवारिक व्यवसाय से जुड़े। दिलू एफ ए डी ए (फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन) के पिछले अध्यक्ष सहित विभिन्न संघों से जुड़ा हुआ है - झारखंड और एपीएआई (एयर पैसेंजर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया) के एक्सकॉम सदस्य। शौक में हवाई जहाज के मॉडल एकत्र करना शामिल है और पसंदीदा खेल गोल्फ है।

### आरटीआई की आड़ में व्यापारियों को ब्लैक करने वालों पर कारवाई करें डीसी : मित्तल

**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इं डस्ट्री के उपाध्यक्ष मुकेश मित्तल ने डीसी विजया जाधव को पत्र लिख कर कहा है कि संगठन के सदस्यों से लगातार जानकारी एवं शिकायतें मिल रही है कि जिला समाहरणालय के अधिकारियों द्वारा आरटीआई. सक्रियतावादी एवं ब्लैकमेलरों के माध्यम से शहर के व्यापारियों के विरूद्ध शिकायत दर्ज कराकर भयादोहन किया जा रहा है। सरकारी अधिकारियों के द्वारा इस तरह के त्य को अंजाम देना व्यापारियों के साथ-साथ आम लोगों के लिये भी कतई उचित एवं बर्दाश्तयोग्य नहीं है। इससे व्यापारी भय के माहौल में अपना व्यापार सही से नहीं चला पायेंगे और सरकार को भी राजस्व को नुकसान होगा।

## बिमला कम्यूनिकेशन के श्रीराम तिवारी को मातृ शोक



स्व. बिमला देवी।


जमशेदपुर। बिमला कम्युनिकेशन विज्ञापन एजेंसी के श्री राम तिवारी की माता श्रीमती बिमला देवी का निधन गत 22 फरवरी को हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा गुरुवार को उनके निवास स्थान कुंवर बस्ती मानगो से स्वर्णरेखा बर्निंग घाट के लिए निकाली गई। अंत्येष्टि के अवसर पर परिवार जन, रिश्ते-नातेदार, मीडिया एवं सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों के प्रतिष्ठित लोग उपस्थित हुए। उपस्थित प्रमुख लोगों में स्टॉर्म कम्युनिकेशंस के अभिजीत दा, नारायणी एडवर्टाइजर के उमाशंकर सिंह, रवि कुमार, एड इम्प्रेशन के प्रमोद मिश्रा, सन साइन के सुशोभन, भाजपा के वरिष्ठ नेता धनुर्धर त्रिपाठी, भाजपा नेता नित्यानंद सिंह, खबर मन्त्र के जमशेदपुर हेड सत्येन्द्र कुमार शामिल थे। बिमला देवी अपने पीछे तीन पुत्र एवं तीन पुत्रियों के साथ नाती -पोते से भरा परिवार छोड़ गयी है। खबर मन्त्र ने श्रीमती बिमला देवी के निधन पर शोक प्रकट किया है और प्रभु से कामना की है कि शोक संतप्त परिवार को यह दु:ख सहने की शक्ति प्रदान करें।

## कदमा में लव जेहाद का मामला, हिंदू संगठनों का थाने में हंगामा

युवक की गिरफ्तारी की मांग पर प्रशासन को 48 घंटे का दिया डेडलाइन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





पीड़ित युवती भी युवक की गिरफ्तारी की मांग पर थाना पहुंची। कदमा थाने के घेराव के दौरान आक्रोशित भाजपा नेता अभय सिंह व उनके सहयोगी।

**जमशेदपुर।** कदमा में एक मनचले ने अपना धर्म छुपा कर लड़की को प्रेम जाल में फंसाया। धोखे से अश्लील तस्वीर मोबाइल में बना कर रख लिया और फिर अपने को दूसरे धर्म का बता कर उसे धर्म परिवर्तन कर शादी करने के लिए दबाव देने लगा। इतना ही नहीं उसने लड़की को धमकी दी कि वह धर्मपरिवर्तन करे अन्यथा पूरे परिवार के साथ उसे मार डालेगा। लड़की के परिजन न्याय के लिए हिंदू संगठनों की शरण में गए और फिर हिंदू संगठनों ने कदमा थाने का जोरदार घेराव कर दोषी लड़के की गिरफ्तारी की मांग की। भाजपा के वरिष्ठ नेता अभय सिंह की अगुवाई में किए गए जोरदार घेराव के बाद प्रशासन को 48 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए डेडलाइन दी है। घेराव करने के लिए कदमा थाना भाजपा नेताओं के साथ विहिप, बजरंग दल, दुर्गावाहिनी, भाजपा सहित सभी हिंदू संगठनों के नेता भी पहुंचे थे। अभय सिंह ने बताया कि कदमा की भाटिया बस्ती में रहने वाली गरीब बच्ची (काल्पनिक नाम नेहा कुमारी) को मुस्लिम युवक ने हिंदू बनकर प्रेम जाल में फंसाया, फिर छल से उसकी अश्लील तस्वीर बनाकर ब्लैकमेल करने लगा। पहले उसने अपना नाम समीर कुमार बताया। लगातार दो महीने से दोस्ती कर जब उस जेहादी लड़के ने वीडियो और फोटो बना लिया, तब वह अपने आप को मुसलमान बताया।

## चतुर्थ छत्तीसगढ़ी महासम्मेलन 26 को सोनारी में, स्थानीयता देने की उठेगी मांग

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी युवा मंच एवं जय महाकाल सेवा संघ के संयुक्त तत्वावधान में चतुर्थ छत्तीसगढ़ी महासम्मेलन का आयोजन 26 फरवरी को सोनारी एयरपोर्ट के सामने स्थित क्रिश्चन मैदान में किया जाएगा। सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहेंगे जबकि विशेष अतिथि के रूप में सांसद विद्युत वरण महतो सम्मेलन में भाग लेंगें। उक्त जानकारी साकची स्थित होटल दयाल में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में मंच के केंद्रीय अध्यक्ष प्यारे लाल साहू और जय महाकाल सेवा संघ के संस्थापक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज सिंह ने संयुक्त रूप से दी। नीरज सिंह ने बताया कि सम्मेलन में करीब छत्तीसगढ़ी समाज के विभिन्न तबके से करीब 10 हजार लोगों की उपस्थिति रहेगी। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य है कि आज छत्तीसगढ़ी समाज को जमशेदपुर समेत पूरे झारखंड में लगभग 120 वर्षों से निवास है किंतु छत्तीसगढ़ी समाज को बाहरी बताया जा रहा है। छत्तीसगढ़ी परिवारों और उनके बच्चों को स्थानीयता का दर्जा नहीं दिया जा रहा है। प्यारेलाल साहू ने कहा कि हमारे बाल बच्चों का जन्म इसी झारखंड राज्य में हुआ है। ऐसे में छत्तीसगढ़ी समाज के बाल -बच्चों को स्थानीयता का दर्जा नहीं देना और पढ़ाई -लिखाई एवं रोजगार हेतु जाति प्रमाण पत्र नहीं बनने देना हमारे समाज के साथ बहुत बड़ा अन्याय है।

## क्लासिक और विंटेज कार एवं बाइक रैली कल से गोपाल मैदान में, तैयारी पूरी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर क्लासिक और विंटेज कार तथा बाइक रैली के दूसरे संस्करण के लिए पूरी तरह से तैयार है, जो 25-26 फरवरी को शहर के ऐतिहासिक गोपाल मैदान में सप्ताहांत के दौरान आयोजित किया जाएगा। टाटा स्टील, भारत के खेल, कला और संस्कृति के संरक्षण और पोषण के अपने प्रयासों के तहत 2022 में शुरू किये गए जमशेदपुर रैली को न केवल संस्थापक दिवस समारोह के दौरान जमशेदपुर में, बल्कि भारत में भी सबसे अधिक मांग वाला कार्यक्रम बनाने की उम्मीद करती है। रैली की बढ़ती लोकप्रियता पहले से ही इसके दूसरे संस्करण में भाग लेने वाले वाहनों की संख्या में दोगुनी वृद्धि से प्रमाणित है, जो कि 80 से अधिक है। वाहनों को 25 फरवरी को गोपाल मैदान में प्रदर्शित किया जाएगा, जबकि टाटा स्टील के सीईओ और प्रबंध निदेशक टीवी नरेंद्रन 26 फरवरी को कंपनी के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों और जमशेदपुर के प्रमुख हितधारकों की उपस्थिति में रैली को हरी झंडी दिखाएंगे। इस वर्ष भाग लेने वाला सबसे पुराना वाहन 1926 संस्करण का अस्टिन 7 होगा जिसे क्लासिक और विंटेज वाहन के शौकीन लोगों के बीच बेबी अस्टिन के रूप में भी जाना जाता है।

# वेस्ट मैनेजमेंट से 96 प्रतिशत कचरे का हो सकता है दोबारा इस्तेमाल

## एक्सएलआरआइ की सामाजिक पहल समिति सिग्मा-ओइकोस की ओर से छठे संस्करण का आयोजन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** निजी क्षेत्र में देश की प्रतिष्ठित बी स्कूल एक्सएलआरआइ में विद्यार्थियों को सामाजिक व प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा के प्रति जवाबदेह बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में एक्सएलआरआइ में सिग्मा-ओइकोस के संयुक्त तत्वावधान में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें सभी को भारत में कचरा प्रबंधन की स्थिति, समस्या व उसके समाधान के तरीकों से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम के दौरान साहस जीरो वेस्ट की संस्थापक विल्मा रोड्रिग्स मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद थी। उन्होंने एक्सएलआरआइ जमशेदपुर के डीन एकेडमिक्स डॉ. संजय पात्रो के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। दो सत्र में कार्यक्रम की आयोजन किया गया। मौके पर विल्मा रोड्रिग्स ने एक उद्यमशीलता लेंस के माध्यम से अपशिष्ट प्रबंधन की खोज विषय पर संबोधित किया। रोड्रिग्स ने कहा कि किसी भी व्यापार मॉडल में मुनाफे से पहले अपने कस्टमर के साथ ही प्लैनेट की सुरक्षा को प्राथमिकता के केंद्र में रखें। उन्होंने कहा कि भारत में 96 प्रतिशत कचरे का पुनः चक्रण कर उसे दोबारा इस्तेमाल करने लायक बनाा जा सकता है। इससे देश की अर्थव्यवस्था की गति को भी तेज की जा सकती है।

### इन दो विषयों पर मुख्य रूप से हुई चर्चा



>> उद्यमिता क्षेत्र में प्रौद्योगिकी का लाभ उठाना

>> अपशिष्ट प्रबंधन के लिए एक स्थायी और लाभदायक व्यवसाय का निर्माण करना

**कचरा प्रबंधन से पैदा हो सकते हैं रोजगार**

उद्घाटन सत्र के बाद पैनल डिस्कशन सत्र का आयोजन किया गया जिसमें पहले सत्र में बिंटिग्स के सह संस्थापक सह निदेशक डॉ जयनारायण कुलथिंगल, सिटीजेन टेक्नोलॉजी के सह संस्थापक और जीवौल बायोफ्यूल के निदेशक एन चंद्रशेखर ने उप-विषय लीवरेजिंग व उद्यमिता क्षेत्र में प्रौद्योगिकी विषय पर चर्चा की। सत्र का संचालन आइएसएम धनबाद के शिक्षाविद संजीव आनंद साहू ने किया। इस चर्चा में पारंपरिक कचरा संग्रह प्रणाली को अक्षम करार देने के साथ ही इस क्षेत्र में कार्य कर रहे बिंटिक्स, सिटीजेन टेक्नोलॉजी व जीवौल बायोफ्यूल जैसे संगठनों द्वारा अपनायी गयी तकनीक पर चर्चा हुई। अपशिष्ट के साथ ही औद्योगिक कचरे पर नजर रखने के लिए प्लेटफॉर्म बनाने, एआई और एमएल तकनीक के इस्तेमाल, कचरे की पहचान व उसके वर्गीकरण पर बल दिया गया। यह बात भी निकल कर सामने आयी कि अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में प्रौद्योगिकी का लाभ उठा कर प्रबंधन कमाई की क्षमता बढ़ा सकता है, रोजगार पैदा कर सकता है। वहीं, दूसरे पैनल डिस्कशन में एक सतत और लाभप्रदता का निर्माण विषय पर चर्चा हुई जिसमें जाबिर करात (सह-संस्थापक ग्रीन वर्म्स) और जीवेश कुमार (सीईओ ग्रीन्सस्केप इको मैनेजमेंट) इसमें शामिल थे। मॉडरेटर की भूमिका में प्रोफेसर कल्याण भास्कर (संकाय सदस्य) मौजूद थे। पैनलिस्टों ने इस बारे में चर्चा की कि पर्यावरण और सामाजिक प्रभाव किस प्रकार एक दूसरे के पूरक हैं। साथ ही कहा कि अपशिष्ट प्रबंधन चाहे वह किसी भी प्रकार का क्यों ना हो, उससे ना सिर्फ हमारी वर्तमान बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी लाभ होगा।

## खबर एक नजर में

### सांसद और विधायक ने किया लुपुंगडीह विधुत शक्ति उपकेंद्र का उद्घाटन



चांडिल। गुरुवार को चांडिल के लुपुगंडीह स्थिति विद्युत शक्ति उप केंद्र का सांसद संजय सेठ एवं विधायक सविता महतो ने संयुक्त रूप से फिता काट कर उद्घाटन किया। सांसद ने कहा 6 करोड़ की लागत से लुपुगंडीह विद्युत शक्ति उपकेंद्र का निर्माण कराया गया है। विद्युत शक्ति उपकेंद्र करीब डेढ़ वर्ष में बनकर तैयार हुई। विधायक सविता महतो ने कहा उपकेंद्र बन जाने से आसपास के ग्रामीणों को लोड शैडिंग एवं बिजली कटौती में काफी हद तक राहत मिलेगी। इस मौके पर विद्युत सहायक अभियंता अजय कुमार, नीमडीह थाना प्रभारी अमित गुप्ता, झामुमो के काबलू महतो, राहुल वर्मा, सांसद प्रतिनिधि विशाल चौधरी, खगेन महतो, दिवाकर सिंह, आकाश महतो सहित कई लोग उपस्थित थे।

### दिलीप आचार्य ने छठी बार किया एसडीपी दान



जमशेदपुर। रक्त के जरूरत के विशेष मामले में रेड क्रस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के एसडीपी प्रभारी प्रभुनाथ सिंह हमेशा अपनी सक्रियता से पीड़ित मानवता की सेवा में तत्पर रहते हैं, आज इस क्रम में जब एक सिंगल डोनर प्लेटलेट की आवश्यकता महसूस हुई तो रक्तदाता श्री दिलीप कुमार आचार्य को उन्होने प्रेरित किया और श्री आचार्य तुरंत जमशेदपुर ब्लड बैंक में अपना एस.डी.पी दानकर मानव जीवन रक्षा रूपी यज्ञ में योगदान दिए। ज्ञात हो इससे पूर्व भी उन्होंने 36 बार रक्तदान और 05 बार एसडीपी का दान किया है। रेड क्रस परिवार सभी युवाओं से आग्रह करती है कि ज्यादा से ज्यादा रक्तदान कर मानव जीवन की रक्षा करें।

### जुस्को टाउन इलेक्ट्रिकल के पूर्व कर्मचारियों का हुआ मिलन समारोह



जमशेदपुर। जुस्को टाउन इलेक्ट्रिकल से सेवानिवृत्त कर्मचारियों का आज बारीडीह स्थित विजया गार्डन क्लब हाउस में जुस्को सेवानिवृत्त मित्र मंडली के बैनर तले पारिवारिक मिलन समारोह सह वनभोज हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। चूंकि यह पहला प्रयास था बावजूद इसके काफी संख्या में कंपनी से सेवानिवृत्त व्यक्तियों ने उपस्थिति देकर कार्यक्रम की सराहना की। तत्पश्चात सब ने अपने-अपने अनुभव को एक दूसरे के बीच साझा किया। सेवानिवृत मित्र मंडली के द्वारा नारी शक्ति के रूप में 5 महिलाओं को पुरस्त किया वहीं दूसरी ओर सबसे वयोवृद्ध व्यक्ति के रूप में एसके सरकार जी का सम्मान यू लहरी जी ने पुष्पगुच्छ एवं उपहार देकर किया। संगठन के एक वरिष्ठ सदस्य ने सुझाव के आलोक में हर एक सेवानिवृत्त व्यक्ति को संस्था से जुड़ने का संकल्प लिया है वह चाहे शहर से बाहर हो या शहर के अंदर। श्रीकांत देव एवं बी प्रसाद के पहल पर आयोजित कार्यक्रम को सबने मिलकर सफलता प्रदान की। कार्यक्रम में सीके विश्वास, यू लहरी, यूके पांडे, दिनेश्वर सिंह, देवासीश मित्रा, एस के शर्मा, बी प्रसाद, आर एन शर्मा, एनएम चौधरी, आरएन बियुरा, वाई पी सिंह, श्रीकान्त देव, वीरेंद्र तिवारी, यूके बोस, द्वारिका प्रसाद, पंडित पांडे, राधे ष्ण पोद्दार, ओम कांत चौरसिया, रामानंद शर्मा, महेंद्र सिंह, एके सूर, राम अयोध्या, आरसीपी यादव, बीपी शर्मा, अनिल कुमार सिन्हा, एके पांडे एसएस भगवान, आरपी सिंह सहित और भी कई सदस्यगण मौजूद थे।

### माघे पर्व को देख भाजपा उलीडीह ने किया साड़ी वितरण



साड़ी वितरण करते वरिष्ठ नेता नीरज सिंह।

जमशेदपुर। माघे पर्व के शुभ अवसर पर भारतीय जनता पार्टी, उलीडीह मंडल, एस टी मोर्चा के अध्यक्ष श्री मोती लाल बिरुआ जी के नेतृत्व में आज न्यू उलीडीह बिरसा रोड में भारतीय जनता पार्टी व्यावसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नीरज सिंह के सौजन्य से आज 150 महिलाओं के बीच साड़ी का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय महिलाओं ने नीरज सिंह के स्थानीय समस्याओं के बारे में बताया उन्होंने ने कहा क्षेत्र में शौचालय और पीने योग्य पानी के बहुत ही कमी है। नीरज सिंह ने तुरंत कहा की उलीडीह मंडल क्षेत्र में 15 मार्च से प्रतिदिन दो टैंकर से जलापूर्ति किया जायेगा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उलीडीह मंडल के अध्यक्ष अमरेंद्र पासवान समेत कई भाजपा नेता उपस्थित थे।

### इंटक के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य बने आरके सिंह और तोते



जमशेदपुर। दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में इंटक 33 वा पूर्ण अधिवेशन दिनांक 22 एवं 23 फरवरी 2023 को संपन्न हुआ। इस अधिवेशन में अतिथि के तौर पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन उपस्थित हुए। अधिवेशन के अंतिम चरण में नई कमेटी का चुनाव हुआ जिसमें पुन: डॉक्टर संजीवा रेड्डी को राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया। साथ ही साथ टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष गुरमीत सिंह एवं महामंत्री श्री आरके सिंह को इंटक के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया। इस अवसर पर यूनियन के पदाधिकारियों ने माला पहना कर एवं गुलदस्ता देकर अध्यक्ष एवं महामंत्री को नई दायित्व के लिए ढेर सारी बधाइयां दी। ज्ञात हो कि इस अधिवेशन में टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के पदाधिकारी प्रदीप कुमार मोहंती प्रकाश विश्वकर्मा मनोज कुमार अमित कुमार पवन कुमार सिंह मनोज कुमार शर्मा राकेश रोशन दुबे एवं कमिटी मेंबर मनोज सिंह सम्मिलित हुए हैं।

### चैम्बर भवन में निर्यात प्रोत्साहन पर सेमिनार आज

जमशेदपुर। सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री में कोल्हान में व्यवसायियों एवं उद्यमियों को अपने व्यवसाय को बढ़ाने हेतु निर्यात के क्षेत्र में आगे बढ़ने के इच्छुक व्यवसायियों एवं उद्यमियों को निर्यात से संबंधित विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने हेतु 'निर्यात प्रोत्साहन कार्यषाला' का आयोजन जिला उद्योग केंद्र के सहयोग से आयोजित किया जायेगा। इस कार्यषाला में आमंत्रित वक्ता एवं अतिथि इससे संबंधित विस्तृत जानकारी देंगे। यह सूचना अध्यक्ष विजय आनंद मूनका एवं मानद महासचिव मानव केडिया ने संयुक्त रूप से दी। अध्यक्ष ने कहा कोल्हान में निर्यात के क्षेत्र में असीम संभावनायें हैं। जिसका उपयोग कर व्यापारी एवं उद्यमी अपने व्यापार को विदेष में फैला सकते हैं। इससे कोल्हान के औद्योगिक विकास की संभावनायें बढ़ जायेगी। इसी को देखते हुये जिला उद्योग केंद्र के सहयोग से निर्यात प्रोत्साहन कार्यषाला का आयोजन चैम्बर भवन में किया गया है।

# जटिल रोगों के इलाज का हब बना गढ़वा का क्लीनिक ऑन स्क्रीन

## गढ़वा में चर्म, न्यूरो, पेट रोग के साथ अब डायबिटीज, बांझपन, किडनी और मूत्र रोग के सुपर स्पेशलिस्ट करेंगे इलाज

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा जिला भले ही झारखंड का पिछड़ा जिला है परंतु समाजसेवा के धुनी बाबू शक्ति सिंह का एक छोटा सा प्रयास गढ़वा को जटिल रोगों के इलाज का हब बना दिया। एनआरआई बाबू शक्ति सिंह ने कोरोना से लड़ रही मानवता की सेवा के लिए गढ़वा जैसे छोटे स्थान पर जटिल रोगों के इलाज के विकल्प के रूप में क्लिनिक ऑन स्क्रीन की स्थापना की। गढ़वा जिला मुख्यालय के चिनिया रोड स्थित इस क्लिनिक का आगाज चर्म रोग और न्यूरो रोग के इलाज के साथ हुआ। झारखण्ड में मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ सुरेंद्र कुमार एवं मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ राजीव रंजन अपना बहुमूल्य समय माह में एक बार गढ़वा के क्लिनिक ऑन स्क्रीन में देने लगे। बाद में पेट, गैस, आंत एवं लिवर रोग के सुपर स्पेशलिस्ट पारस हॉस्पिटल के कसल्टेंट डॉ आदित्य वर्द्धन सिंह भी क्लिनिक ऑन स्क्रीन से जुड़ गए। वह भी माह में एक दिन गढ़वा आने लगे। इसी 25 फरवरी को वह अपने निर्धारित तिथि को गढ़वा में मरीजों का इलाज करेंगे। स्वास्थ्य के क्षेत्र में लम्बी छलांग लगाते हुए क्लिनिक ऑन स्क्रीन ने किडनी, पथरी, प्रोस्टेट एवं मूत्र रोग के सुपर स्पेशलिस्ट डॉ शैलेन्द्र मोहन शुक्ला को गढ़वा में आमंत्रित किया है।



डॉ.आदित्य वर्धन सिंह डॉ.अंगद कुमार डॉ.शैलेन्द्र मोहन शुक्ला

चिकित्सक।

एमबीबीएस एवं जेनेरल सर्जरी में एमएस डॉ शुक्ला जीएमसी त्रिवेंद्रम, केरल से अनुभव प्राप्त मूत्र विशेषज्ञ हैं। अब उनका समय माह में एक दिन गढ़वा को मिलेगा। वह इसी 26 फरवरी को क्लिनिक अन स्क्रीन में मरीजों का इलाज करेंगे। इसी तरह डायविटीज, थायराइड, पीसीओडी, बांझपन रोग के सुपर स्पेशलिस्ट डॉ अंगद कुमार भी क्लिनिक ऑन स्क्रीन से जुड़ गए हैं। वह भी इसी 26 फरवरी को क्लिनिक में मरीजों का इलाज करेंगे। एमबीबीएस गोल्ड मेडलिस्ट डॉ अंगद इंटरनल मेडिसिन में एमडी और इंडोक्रिनोलॉजी में डीएम हैं। मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ शैलेन्द्र मोहन शुक्ल ने कहा कि अमूमन 100 में से 10-20 लोग मूत्र रोग से ग्रसिस पाए जाते हैं किंतु बढ़ते उम्र के साथ 100 में 50-60 लोग प्रोस्टेट एवं मूत्र रोग से ग्रसित पाये जाते हैं। भारत में जिस तेजी से प्रोस्टेट कैंसर बढ़ रहा है। बहुत जल्द ही हम विश्व में नम्बर वन बन जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रोस्टेट एवं मूत्र से सम्बंधित रोगों का इलाज प्रारम्भिक अवस्था में जरूरी है। उन्होंने कहा कि बच्चा पैदा होने से बुढ़ापा तक इस रोग की होने की संभावना बनी रहती है। पेशाब की रास्ते में समस्या से लेकर मनुष्य के प्राइवेट पार्ट में जटिल बीमारी और कैंसर कब पनप जाता है। इसकी जानकारी सम्बंधित व्यक्ति को नहीं हो पाती है। इसके लिए जरूरी है कि वे इस रोग के विशेषज्ञ के सम्पर्क में रहें और अपने रोगों को छुपाने के प्रयास न करें। डायविटीज, थायराइड, पीसीओडी, बाँझपन रोग विशेषज्ञ डॉ अंगद कुमार ने कहा कि प्रत्येक 10 में एक व्यक्ति डायविटीज का शिकार पाया जा रहा है। लोगों के निःसन्तान होने के पीछे डायविटीज, थायराइड, पीसीओडी का बड़ा महत्व होता है। हार्मोनल प्राब्लम के कारण सन्तान पैदा होने में समस्या होती है। दवा से इसका इलाज संभव है। बशर्ते समय से इस रोग का इलाज कराया जाए।

# ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में प्रायोगिक परीक्षा का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में डीएलएड सत्र 2020-22 की प्रायोगिक परीक्षा सफलतापूर्वक आयोजित की गई। प्रायोगिक परीक्षा में परीक्षक के रूप में डीइओ अलका जायसवाल व रामकृष्ण विवेकानंद कॉलेज ऑफ एजुकेशन बगोदर के प्राचार्य जगदीश प्रसाद मेहता मौजूद थे, तत्पश्चात प्रशिक्षुओं का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें डीएलएड 2021-23 के प्रशिक्षुओं ने सत्र 2022-22 के प्रशिक्षुओं के लिए सेल्फी प्वाइंट बनाया। मौके पर महाविद्यालय में सभी प्रशिक्षुओं का समूह चित्र लिया गया। वहीं महाविद्यालय की उप निदेशिका डॉ.संजीता कुमारी ने प्रशिक्षुओं को सफलतापूर्वक सत्र पूरा करने पर शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं प्राचार्य डॉ.बीसी स्वेन ने प्रशिक्षुओं को अपने शुभ आशीर्वाद से आगे बड़ने की प्रेरणा दी। वहीं प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी एनएसएस यूनिट ने गोद लिए गए गांव इंदरवाटांड के ग्रामीणों के लिए सामुदायिक भोजन की व्यवस्था की। वहीं डीएलएड के कोऑर्डिनेटर मनीष पासवान ने भी उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। मौके पर शिक्षक सौरभ शर्मा, अजय कुमार गुप्ता, खुशबू कुमारी सिन्हा, संजीत कुमार, चुन्नू कुमार, शिक्षकेतर कर्मचारी, डीएलएड सत्र 2021-23 के प्रशिक्षुगण मौजूद थे।

# नौ दिवसीय रूद्र महायज्ञ की तैयारी पूरी, कलश यात्रा आज

**कोडरमा।** मुख्यालय स्थित फॉरेस्ट कॉलोनी दुर्गा मंडप में नौ दिवसीय श्री रूद्र महायज्ञ सवा लाख पार्थिव शिवलिंग पूजन एवं संगीतमय श्री राम कथा महोत्सव महायज्ञ किया जाएगा। जिसको लेकर 24 फरवरी से 4 मार्च तक चलने वाले यज्ञ में श्रीधाम अयोध्या जी से आए हुए श्री श्री 1008 श्री राम हर्षण दास जी महाराज के कृपा पात्र संत प्रभु दास जी महाराज के तत्वाधान में यह यज्ञ करवाया जा रहा है, जहां बनारस से ब्राह्मण बुलाये गये हैं। शुक्रवार को फाल्गुन शुक्ल पक्ष पंचमी को कलश यात्रा, पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश, अग्नि स्थापन किया जाएगा एवं शाम में श्री राम कथा का आयोजन संध्या 5 बजे से 9 रात्रि तक होगा। वहीं हर एक दिन 13888 शिवलिंग का रुद्राभिषेक एवं हवन किया जाएगा। 4 मार्च को यज्ञ का पूर्णाहुति एवं भव्य भंडारा का आयोजन किया जाएगा। इस यज्ञ में ध्वजाधारी आश्रम के महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 श्री सुखदेव दास जी महाराज के द्वारा उद्घाटन कर यज्ञ की शुरुआत की जायेगी।

## डेंटल कॉलेज से उठेगी 51 गरीब कन्याओं की डोली

# सामूहिक विवाह आज, तैयारी पूरी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा के फरठिया स्थित वनांचल डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल परिसर में सुधीर भैयाजी के नेतृत्व में परम पूज्य अघोरेश्वर भगवान राम सामूहिक विवाह समारोह 2023 का आयोजन शुक्रवार को किया जाएगा। इसमें 51 गरीब कन्याओं की निःशुल्क शादी करायी जाएगी। सामूहिक विवाह समारोह के अध्यक्ष दिनेश प्रसाद सिंह सभी 51 बेटियों का कन्यादान करेंगे। विवाह समारोह की तैयारी पूर्ण कर ली गयी है। इस समारोह में विवाह के लिए वैसे जरूरतमंद वर व वधुओं का चयन किया गया है जो शादी तो करना चाहते है पर दहेज़ देने और विवाह का खर्च उठाने में सक्षम नहीं हैं। वैसे असहाय, गरीब तथा अक्षम बेटियों की विवाह का पूर्ण खर्च वनांचल एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट गढ़वा उठाएगा। जानकारी देते हुए मुख्य कार्यकारिणी पदाधिकारी सुभाष कुमार ने बताया कि सामूहिक विवाह का शुभारंभ प्रातः



सजाया गया मंडप।

सात बजे से परम पूज्य अघोरेश्वर भगवान रामजी के पूजा अर्चना के उपरांत सुधीर भैया के नेतृत्व में किया जायेगा।

यह विवाह वाराणसी से आये प्रकांड पंडितो द्वारा पुरे रीतिरिवाज से सम्पन्न कराया जायेगा। विवाह में सभी 51 कन्याओं को उपहार स्वरुप दैनिक उपयोग की आवश्यक सामान भेंट की जाएगी। जिसमे पलंग, गद्दा, तकिया, कुर्सी, टेबल, साइकिल, बर्तन सेट (जिसमें 114 प्रकार के सामान है), हाथ घड़ी, वर-वधु का जूता, चप्पल, वैनिटी बक्स, ट्रंक, पंखा, चटाई, साड़ी, शर्ट, पैंट इत्यादि भेंट स्वरुप सभी नवविवाहित जोड़ों को दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इस सामूहिक विवाह का मुख्य उद्देश्य समाज में फ़ैल रहे दहेज़ प्रथा को रोकना तथा जड़ से समाप्त करना है। पैसे के आभाव में अब किसी भी बहन या बेटी की शादी नहीं रुकेगी। इस सामूहिक विवाह समारोह को सफल बनाने में समिति के उपाध्यक्ष रणजीत सिंह, पवन कुमार, रंधीर सिंह, धीरज कुमार सिंह, पाशंकर सिंह, मनोज कुमार सिंह, प्रवीन कुमार, राकेश कुमार, डा.अजित कुमार सिन्हा, रामप्रवेश सिंह आदि की सराहनीय भूमिका है।

# अवैध तस्करी के बीच ड्रग्स और मादक द्रव्यों के सेवन की रोकथाम को लेकर बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में बच्चों में ड्रग्स और मादक द्रव्यों के सेवन एवं अवैध तस्करी की रोकथाम को लेकर समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से पुलिस उपाधीक्षक से किशोर न्याय अधिनियम 2015 की धारा 77 और 78 के अन्तर्गत थानों में किये गए एफ.आई.आर की जानकारी विस्तृत जानकारी ली गई। बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारी को इस संदर्भ में प्रशिक्षण की स्थिति की जानकारी भी लिया गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी से विद्यालयों में प्रहरी क्लब का गठन, सीसीटीवी अधिष्ठापन की मौजुदा स्थिति की जानकारी ली गई। उन्होने कहा कि




कोटपा एक्ट के तहत 100 मीटर की परिधि में कोई भी तंबाकु विक्रेता का दुकान नहीं होना चाहिए। इसकी मौजुदा स्थिति की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। डी एडीक्शन सेंटर्र खोलने को लेकर जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी के द्वारा जानकारी ली गई। बैठक में संबंधित विभागों के पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि माननीय राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग नई दिल्ली द्वारा 18 बिन्दुओं पर मांगी गई प्रतिवेदन को अविलम्ब जिला बाल संरक्षण कार्यालय चतरा में उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। उक्त बैठक में पुलिस उपाधीक्षक (मु0), उत्पाद अधीक्षक, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, विधि सह परिवीक्षा अधिकारी, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष, सदस्य, किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य एवं चाईल्ड लाईन के कार्यकर्ता समेत अन्य उपस्थित थे।

# उत्प्रेषित छात्र-छात्राओं को दी गयी विदाई




**डोमचांच (कोडरमा)।** सनशाइन एजुकेशन एकेडमी डोमचांच में वार्षिक खेल-कूद पुरस्कार के साथ वर्ग दशम के उत्प्रेषित छात्र-छात्राओं को अश्रुपूर्ण विदाई दी गई। विदाई कार्यक्रम में वर्ग नवम की छात्रा सारिका ने विदाई गीत प्रस्तुत की। साथ ही वर्ग नवम की छात्राओं ने संयुक्त रूप से तिलक लगाकर व आरती दिखाकर दशम वर्ग के छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रबंधक सुनील कुमार चक्रम ने वार्षिक प्रतिवेदन के साथ किया। मंच संचालन उप-प्राचार्य कन्हैया लाल द्वारा किया गया। इस दौरान विद्यालय के बच्चों द्वारा एक से बढ़कर एक मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

# बिजली चोरी को लेकर 44 लोगों पर मामला दर्ज, 11 लाख का लगा जुर्माना

**कोडरमा।** बिजली विभाग की ओर से विभिन्न क्षेत्रोंघ में बिजली चोरी को लेकर विशेष अभियान चला कर 138 लोगों के यहां छापेमारी की। जिसमें 44 लोगों पर बिजली चोरी को लेकर संबंधित थानों में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। वहीं इन पर 10 लाखघ 93 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। बताते चलें कि झुमरीतिलैया क्षेत्र अंतर्गत 80 लोगों के यहां छापेमारी की गई, जिसमें 29 लोगों पर विद्युत चोरी का मामला दर्ज कराया गया, जिनके विरुद्ध 6 लाख 42 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। वहीं कोडरमा में 29 लोगों के यहां छापेमारी की गई, जिसमें 5 लोगो पर विद्युत चोरी का मामला दर्ज कराया गया है।

# गिरिजा नंदन प्रसाद को कोडरमा पेंशनर कार्यालय में दी गयी श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** कोडरमा पेंशनर कार्यालय में गुरुवार को प्रवरण वेतनमान संघर्ष मोर्चा झारखंड प्रदेश द्वारा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष स्व गिरिजा नंदन प्रसाद को श्रद्धांजलि दी गई। पेंशनर समाज के अध्यक्ष नारायण मोदी ने सभी आगंतुकों का स्वागत करते हुए स्व गिरिजा बाबू के जीवनी पर प्रकाश डाला। वहीं हजारीबाग के संयोजक अर्जुन ओझा ने उनके द्वारा बताए गए मार्ग पर चलकर शिक्षकों के लंबित प्रवरण प्राप्ति तक संघर्ष जारी रखने को कहा। वहीं गिरिडीह के प्रेमनाथ वर्णवाल एवं रामेश्वर मोदी ने कर्मठ एवं जुझारू सदस्य बताया। वहीं रामसेवक तिवारी ने कहा कि उन्होंने



शिक्षकों को एक सूत्र में बांधने का काम किया। वहीं झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ के महासचिव रविंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि जिस विश्वास के साथ उन्होंने मुझे दायित्व सौंपा है, सभी स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक को प्रवरण का लाभ दिलाना ही उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। वहीं महासचिव ने कहा कि मोर्चा के कोर कमेटी के निर्णय अनुसार मैंने काम प्रारंभ कर दिया है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए मोर्चा के प्रदेश सचिव अमर नाथ झा ने कहा कि गिरिजा बाबू से विगत 1 वर्ष से साथ हूं, आज वे नहीं है लेकिन उनके द्वारा लिए गए निर्णय ही अब हमारे लिए शक्ति होंगे। कार्यक्रम के अंत में शोक संवेदना प्रकट की गई एवं स्व गिरिजा नंदन प्रसाद जी के आवास जाकर परिजनों से मिलकर उनका चित्र एवं शोक संदेश सौंपा।

# लोक जन सुनवाई कार्यक्रम आयोजित, कोयला उत्पादन व पर्यावरणीय स्वीकृति पर भू-रैयतों ने दी सहमति

खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** उड़सू गाँव में सीसीएल की चन्द्रगुप्त कोल परियोजना द्वारा पूर्व निर्धारित तिथि के अनुसार लोक जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आम्रपाली-चन्द्रगुप्त कोल परियोजना क्षेत्र के जीएम अमरेश कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में चन्द्रगुप्त कोल परियोजना से जुड़े उड़सू गाँव के सैंकड़ो भूरैयतों ने अपनी समस्या एवं जमीन अधिग्रहण को लेकर अपनी मांगों को विस्तार पूर्वक रखा। इस दौरान सुखेश खलखो, अमर यादव राहुल उरांव गंगा देवी समेत कई रैयतों ने कहा कि जिस प्रकार से आम्रपाली कोल परियोजना खुला है, उसमें कई जनप्रतिनिधियों ने माइंस खुलवाने में अपना अहम भूमिका निभाया था, उसे साजिश के तौर पर उग्रवादी व आतंकवादी बनाकर जेल में बंद करने की रणनीति बनाया गया था।

यह सब नहीं चलने देंगे, और गैरमजरूवा व रैयती जमीन के बदले समतुल्य मुआवजा व नौकरी की मांग के साथ ही सीसीएल के तहत मिलने वाली हर सुविधा को धरातल में सर्वप्रथम उतारा जाए एवं बेरोजगारों को रोजगार से जोड़ने की संकल्प लिया जाए तभी



हम रैयत जमीन देने को तैयार होंगे। आगे बताया की पर्यावरण प्रदूषण पर समाधान हेतु भारी मात्रा में पौधारोपण कर पर्यावरण संतुलित करने की मांग समेत कई मुद्दों पर रैयतों ने अपनी समस्या को सुनाते हुए कई मांगे को रखा। उक्त सभी समस्या व मांगों को लेकर जीएम अमरेश कुमार सिंह ने रैयतों को आश्वासन दिया है कि उक्त तमाम बिंदुओं पर गंभीरता से कार्य किया जा रहा है एवं रैयतों की हित में कार्य करना प्रबंधन की पहली प्राथमिकता होगी। तत्पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित रैयतों ने चंद्रगुप्त कोल माइंस से कोयले की उत्पादन एवं पर्यावरणीय स्वीकृति पर सहमति जताया।

कार्यक्रम में उपस्थित अंचलाधिकारी विजय कुमार दास ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जमीन की सत्यापन एवं ऑनलाइन समेत संबंधित कई कार्यों को तेजी गति से किया जा रहा है एवं रैयत हित के लिए जगह-जगह पर जाकर कैंप लगाकर कार्य कर रहे हैं एवं आगे भी करने की बात कही गई। इस दौरान रैयत व ग्रामीण हितों के लिए प्रबंधन से कई मांग किया, जिससे क्षेत्र का विकास हो सके। जिसमें मुख्य रुप से शिक्षा व स्वास्थ्य पर मद्दे नजर रखते हुए एक अच्छे स्कूल, हॉस्पिटल एवं पार्क की मांग किया गया, रैयतों ने इनकी मांगो को जायज बताते हुवे पुरजोर समर्थन किया एवं तालियों से स्वागत किया गया।

इस मौके पर जिला भूअर्जन ऑफिसर गोरांगो महतो, रीजनल ऑफिसर अशोक कुमार यादव, इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंह अंचलाधिकारी विजय कुमार दास चन्द्रगुप्त के जीएम कोऑर्डिनेटर अविनेश कुमार एवं पीके सिन्हा मनोज कुमार समेत विधायक प्रतिनिधि महेश वर्मा मुखियापति गोपाल कुमार जीप सदस्या देवंती देवी समेत अन्य कई अधिकारी व ग्रामीण भुरैयत मौजूद थे।

## एक नजर में

### जिलास्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन

**चतरा।** चतरा कॉलेज परिसर में गुरुवार को नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में जिलास्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद् उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम के तहत जी- 20, वाई- 20, पर अतिथियों द्वारा विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में जिले के सभी प्रखंडों से लगभग 500 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद् उपाध्यक्ष ने जी- 20, वाई- 20 विषय पर अपना मंतव्य युवाओं के बीच रखते हुए कहा कि संपूर्ण विश्व व्यवसायिक तथा आर्थिक समस्याओं तथा आशिक समस्याओं झुज रहा है, मानसिक समस्याओं के निराकरण हेतु विश्व वित्त मे मंत्रियों और केंद्रीय बैठक के गवर्नश का समूह है जो जी- 20 कहलाता है, आगामी चंद दिनों में यह संगठन विश्व का सबसे शक्ति और मजबूत संगठन साबित होगा. वही वाई- 20 का प्रमुख उद्देश्य आज के युवाओं में नशा मुक्त, पर्यावरण के विषय में जागरूक करना एवं स्वरोजगार सिर्जन विकास वित्तीय मामले में मजबूत प्रदान करेगा। मौके पर युवाओं ने विभिन्न मुद्दों पर अपनी बातें रखी। जिला परिषद सदस्य निशा भारती, प्रिंसिपल आरपी राय नेहरू युवा केंद्र के जिला समन्वयक ललिता कुमारी, मुखिया अनीता यादव, ज्योति कुमारी बीएड एचओ नंदकिशोर सुलभ सहित गणमान्य अतिथियों के साथ- साथ जिले भर के आए सभी प्रतिभागी उपस्थित थे।

### विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने दिखायी प्रतिभा

**चतरा।** सिमरिया प्रखंड मुख्यालय स्थित शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान में गुरुवार को जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।इसमें विद्यार्थियों ने ज्ञान विज्ञान के अद्भुत मॉडल बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उनके द्वारा विभिन्न विषयों पर बनाए गए मॉडल खूब सराहे गए। प्रदर्शनी में जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाईक, जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी, जिला परिषद सदस्य देवनंदन साहू, रोहिणी देवी और संस्थान के प्राचार्य अमित कुमार मुख्य रूप से उपस्थित हुए. अतिथियों ने प्रदर्शनी का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया और विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए विज्ञान मॉडल का अवलोकन किया। प्रदर्शनी को संबोधित करते हुए जिला शिक्षा अधीक्षक ने विद्यार्थियों के वैज्ञानिक सोच को सराहा तथा उनमें छिपी प्रतिभा को निखारने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि वर्तमान युग विज्ञान और तकनीक का है। विद्यार्थी इसके साथ आगे बढ़े और देश को भी बढ़ाएं। जिला शिक्षा अधीक्षक ने भी विद्यार्थियों के मॉडल को सराहा और न्यूनतम संसाधन में बेहतर प्रदर्शन पर प्रसन्नता जताई। जिला परिषद उपाध्यक्ष ने विद्यार्थियों को उत्तरोत्तर अपनी प्रतिभा को सवारने की अपील की। संस्थान के प्राचार्य अमित कुमार ने बताया कि संस्थान द्वारा विद्यार्थियों के मानसिक विकास के लिए कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। संस्था का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की ओर अग्रसर करना है ताकि वे सही दिशा में अपना परिश्रम लगा सकें। मौके पर संस्थान के कर्मचारी, विद्यार्थी और गणमान्य लोग मौजूद थे।

### लक्ष्मी नारायण सुदर्शन महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा

**इटखोरी (चतरा)।** ऐतिहासिक मां भद्रकाली मंदिर परिसर में गुरूवार से लक्ष्मी नारायण सुदर्शन महायज्ञ का आयोजन शुरू हो गया है। इस नौ दिवसीय महायज्ञ को लेकर मंदिर परिसर के यज्ञशाला से एक भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी व क्षेत्र की सैकड़ों महिलाएं तथा यज्ञ समिति के सदस्य भी शामिल हुए। गाजे-बाजे के साथ निकाली गई कलश यात्रा यज्ञशाला से प्रस्थान करने के पश्चात ब्लाक मोड़, गांधी चौक, झंडा चौक होते हुए कृषि फार्म में पहुंची। फिर कलश यात्रा मंदिर परिसर के समीप से बहने वाली पवित्र महाने नदी के तट पर गई। जिस रास्ते से कलश यात्रा गुजरी वह क्षेत्र यज्ञ देवता के जयकारे से गुंजायमान होता रहा। महाने नदी के तट पर यज्ञाचार्य ने मंत्रोच्चारण के बीच महिलाओं से कलश में नदी का पवित्र जल भरवाया। तत्पश्चात जल भरे कलश को यज्ञशाला में लाकर पूरे विधि विधान के साथ स्थापित कराया।

### सड़क सुरक्षा नियम के अनुपालन की दिलायी शपथ

**कांडी।** मोटर वाहन अिधनियम एवं सड़क सुरक्षा के तहत एसपी अंजनी कुमार झा के निर्देश पर कांडी थाना के सब इंस्पेक्टर स्वामी रंजन ओझा ने गुरुवार को उत्क्रमित उच्च विद्यालय लमारी कला के बच्चों को कई जानकारियां देते हुए सड़क सुरक्षा नियम के अनुपालन को लेकर शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना में भारत में हर वर्ष लाखों लोगों की मौत हो जाती है। नाबालिग द्वारा वाहन चलाने से या शराब पीकर वाहन चलाने से यह दुर्घटना ज्यादा हो रही है। जबकि मोटरसाइकिल चलाते वक्त हेलमेट नहीं पहनने व चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट नहीं लगाने से भी दुर्घटना के बाद लोगों की मौत हो जाती है। स्वामी रंजन ओझा ने बच्चों से स्वयं मोटरसाइकिल नहीं चलाने व अपने परिजनों को हेलमेट पहनकर व सीट बेल्ट लगाकर गाड़ी चलाने के लिए प्रेरित करने की अपील की। बच्चियों से बात करते हुए श्री ओझा ने कहा कि यदि घर से विद्यालय आते समय या विद्यालय से घर जाते समय कोई रास्ते में परेशान करे तो विद्यालय के प्राानायापक को सूचना दें। प्राानायाक की सूचना पर पुलिस ऐसे अराजक तत्वों के खिलाफ निश्चित करवाई करेगी। मौके पर विद्यालय के प्राानायापक नारेन्द्र सिंह, शिक्षक प्रवीण सिंह, अनुप सिंह, विपिन पाण्डेय, रामश्रय साह आदि उपस्थित थे।

### व्यवहार न्यायालय को व्हील चेयर किया प्रदान

**कोडरमा।** मारवाड़ी युवा मंच की सहयोगी संस्था प्रेरणा शाखा के द्वारा कोडरमा व्यवहार न्यायालय परिसर में आने वाले दिव्यांगजनों को आने जाने के लिए एक व्हील चेयर न्याय मंडल को प्रदान किया गया। प्रेरणा शाखा झुमरीतिलैया के पदाधिकारियों ने गुरुवार को व्यवहार न्यायालय पहुंच कर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार विरेन्द्र कुमार तिवारी को व्हील चेयर सुपुर्द किया। वहीं प्रधान जिला जज ने कहा कि यह व्हील चेयर न्यायमंडल में अपने वादों की सुनवाई के मामले में आने वाले दिव्यांग जनो के लिए काफी लाभकारी साबित होगा।

### 27-28 को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**कोडरमा।** राजकीय पॉलिटेक्निक में विज्ञान दिवस के अवसर पर 27 फरवरी एवं 28 फरवरी को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें कई विद्यालय एवं महाविद्यालय भाग लेंगे। इसके अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों जिसमें विज्ञान, चित्रकला, क्विज, पोस्टर मेकिंग, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस आदि का आयोजन किया जा रहा है। यह विज्ञान के प्रति छात्रों में अभीरूची पैदा करने का संस्थान स्तर पर किया जा रहा एक सार्थक प्रयास है। उक्त जानकारी पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य राजेश कुमार ने दी। साथ ही उन्होंने कहा कि विज्ञान सप्ताह का विशेष आकर्षण 27-28 फरवरी को आयोजित होने वाला विज्ञान प्रदर्शनी है, जिसमें कोडरमा जिला से 25 विद्यालयों, महाविद्यालयों, तकनीकी संस्थानों एवं जिला के बाहर से 5 तकनीकी संस्थानों के छात्र अपने 50 से भी अधिक आइडिया एवं कॉन्सेप्ट को विभिन्न मॉडल के रूप में प्रदर्शित करेंगे।

### टाउन हॉल का अभियंता ने किया निरीक्षण

**कोडरमा।** नगर पंचायत की ओर से जिला मुख्यालयघ अंतर्गत सदर अस्पताल के समीप लगभग तीन करोड़ 44 लाख की लागत से कराए जा रहे टाउन हॉल के कार्य का कार्यपालक अभियंता राजकुमार भारती ने निरीक्षण किया। मौके पर सहायक अभियंता सिद्धार्थ आर्या एवं कनीय अभियंता हरी सोरेन भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान कार्यपालक अभियंता ने निर्माण कार्य में लगाए जा रहे मटेरियल के अलावा निर्माण से जुड़ी भवन के सभी स्ट्रक्चर का बारीकी से निरीक्षण किया। वहीं उन्होंने संवेदक को ढलाई कार्य कोघ लेकर क्यूरिंग पर विशेष ध्यान देने एवं गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ नहीं करने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि टाउन हॉल का निर्माण जी प्लस 3 स्तर पर कराया जा रहा है।

